आईईटी के छह विद्यार्थियों को 19.5 लाख का पैकेज

दीपावली से पहले आएंगी कई कंपनियां

इंदौर। नईदुनिया प्रतिनिधि

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) के छात्रों के लिए यह दीपावली कुछ खास लेकर आ रही है। यहां से कम्प्यूटर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर रहे छह विद्यार्थियों को एक ही कंपनी में नौकरी मिल गई है। इन्हें 19.5 लाख का पैकेज ऑफर हुआ है। प्लेसमेंट सेल के अधिकारियों के मुताबिक दीपावली से पहले विश्वविद्यालय में करीब दर्जनभर और कंपनियां आने वाली हैं, जो इंजीनियरिंग के साथ ही मैनेजमेंट विद्यार्थियों का चयन करेंगी।

प्लेसमेंट के तहत गुरुवार को आईटी कंपनी ने आईईटी के विद्यार्थियों का टेस्ट लिया। इसमें कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी के 103 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इंटरव्यू राउंड में लगभग 30 फीसदी विद्यार्थियों को मौका दिया गया। कॉमन प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. गोविंद माहेश्वरी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम तक इंटरव्यू चलते रहे। रात करीब 11 बजे कंपनी ने आईईटी के छह विद्यार्थियों का चयन किया। सभी विद्यार्थियों की कंपनी में ट्रेनिंग होगी। उसके बाद अलग-अलग शहरों में नियुक्तियां दी जाएंगी।

कंपनियों ने दी सहमति

दीपावली से पहले विश्वविद्यालय में एफएमसीजी, फाइनेंस, बैंकिंग, इंश्योरेंस, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल क्षेत्र सहित लगभग दर्जनभर कंपनियों ने प्लेसमेंट करने को लेकर सहमति दे दी है। ये कंपनियां मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को अपने मापदंड पर परखेंगी। कॉमन प्लेसमेंट सेल प्रभारी अवनीश व्यास और निशिकांत वाइकर ने बताया कि मैनेजमेंट-इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए छह-छह कंपनियां आएंगी, जिसमें आईआईपीएस, आईईटी, आईएमएस, इकोनॉमिक विभाग के छात्र शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि दस अलग-अलग पदों के लिए प्लेसमेंट किए जाएंगे, जिन्हें गुजरात, महाराष्ट्र, मप्र, दिल्ली में नियुक्ति दी जाएगी।

तीन साल में बढ़ा पैकेज

प्लेसमेंट पर अब विवि प्रशासन ध्यान देने में लगा है। यही वजह है तीन साल में कंपनियों ने अपने पैकेज में इजाफा किया है। 2016-17 में सर्वाधिक पैकेज करीब 13 लाख था। इसके बाद 2017-18 में आईएमएस के छात्रों को फाइनेंस और मार्केटिंग क्षेत्र की कंपनियों ने 15 से 12 लाख का पैकेज ऑफर किया, जबकि 2018-19 में आईईटी के छात्र को कंपनी ने 19 लाख का पैकेज दिया।